विदेश मंत्रालय

*****

**<u>अटल भाषांतर योजना के लिए आवेदन</u>**

विदेश मंत्रालय अटल भाषांतर योजना के अंतर्गत अपने 'विशिष्ट दुभाषिया' कार्यक्रम के लिए हिंदी से अरबी, चीनी, फ्रेंच, जापानी, रूसी और स्पेनिश में अनुवाद और भाषांतरण हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। उपर्युक्त विदेशी भाषाओं में से प्रत्येक के लिए एक उम्मीदवार का चयन किया जाएगा और चयनित उम्मीदवारों को विदेश के प्रतिष्ठित भाषा विद्यालयों में सरकारी खर्च पर विदेशी भाषा में प्रशिक्षित किया जाएगा। इन उम्मीदवारों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान एक मासिक वजीफा भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पश्चात उन्हें विदेश मंत्रालय द्वारा पांच वर्ष की अवधि के लिए 'विशिष्ट दुभाषिया' के रूप में नियोजित किया जाएगा।

<u>पात्रता मानदंड</u> :

(i) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रत्यायित तथा एनएएसी के 'ए' या उससे अधिक वर्गीकरण वाले विश्वविद्यालयों से स्नातक या समकक्ष मान्यता प्राप्त डिप्लोमा या उच्चतर डिग्री;
(ii) कक्षा 10 से लेकर सभी परीक्षाओं में 60% या अधिक अंक;
(iii) हिंदी और अंग्रेजी में प्रवीणता (कक्षा 12 स्तर ) ;
(iv) 01.08.2019 को आयु 21-26 वर्ष के बीच

<u>आवेदन जमा करना</u>: आवेदक अपने आवेदन हिंदी या अंग्रेजी में भर सकते हैं और वे अपने आवेदनों के साथ निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करें:

i. अग्रेषण पत्र, जिसमें विदेशी भाषा में योग्यताओं का स्पष्ट उल्लेख हो;
ii. जीवनवृत;
iii. आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की स्व-अनुप्रमाणित प्रतियां;
iv. आयु का स्व-अनुप्रमाणित प्रमाण (पासपोर्ट, ड्राईविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या सरकार द्वारा जारी अन्य कार्ड में से कोई दो दस्तावेज)

चयन प्रक्रिया: उम्मीदवारों का चयन एक त्रि-स्तरीय प्रक्रिया के द्वारा किया जाएगा जिसमें निम्नलिखित समय-सीमा के अनुसार स्क्रीनिंग; विदेशी भाषा में लिखित परीक्षा; और साक्षात्कार शामिल है:

- आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख- 15 जनवरी 2019
- स्क्रीनिंग- 25 जनवरी 2019 तक
- लिखित और मौखिक परीक्षा- 31 जनवरी और 1 फरवरी 2019
- साक्षात्कार- 25 से 27 फरवरी 2019
- चयनित उम्मीदवारों की घोषणा- मार्च 2019 के प्रथम सप्ताह में

उपर्युक्त समय सीमा संकेतात्मक है और वास्तविक समय सीमा में परिवर्तन हो सकता है। उपर्युक्त समय सीमा में परिवर्तन होने की स्थिति में उम्मीदवारों को सूचित कर दिया जाएगा।

विशेषीकृत दुभाषिया कार्यक्रम की मुख्य बातें:

- चयनित उम्मीदवारों को सरकारी खर्च पर विशेष प्रशिक्षण के लिए विदेश स्थित भाषा उत्कृष्ठता केंद्रों में भेजा जाएगा;
- अमरीकी डॉलरों में मासिक वजीफे के अतिरिक्त उम्मीदवारों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान विदेश में ठहरने हेतु वित्तपोषण की व्यवस्था की जाएगी तथा भारत से दो बार आने जाने की हवाई यात्राओं की सुविधा, चिकित्सा सुविधा आदि भी प्रदान की जाएंगी;
- मासिक वेतन पर कम से कम पांच वर्षों की अवधि के लिए भारत सरकार के लिए 'विशेषीकृत दुभाषिया' के रूप में कार्य करने का अवसर।

इच्छुक उम्मीदवार सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपने आवेदन 15 जनवरी 2019 तक usga@mea.gov.in, diradpoffice@mea.gov.in और jsad@mea.gov.in पर भेज सकते हैं। ऐसे आवेदक जो एक से अधिक विदेशी भाषाओं में प्रवीण हैं, उन्हें अलग-अलग आवेदन जमा करने चाहिए। उम्मीदवारों को सभी सूचनाएं ईमेल के माध्यम से भेजी जाएंगी और केवल उन्हीं उम्मीदवारों को सूचना प्राप्त होंगी जो चयन के अगले चरण के लिए चयनित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त किसी अन्य पूछताछ या अद्यतन स्थिति के बारे में उपर्युक्त ईमेल आईडी पर जानकारी नहीं दी जाएगी।

*****